तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025

10 जिला पुलिस का यातायात मितान सम्मेलन ...

09 बाल श्रम के खिलाफ चला सघन अभियान 3 बच्चे ...




CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तन्नु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## पंचशील नगर स्थित कलेक्टोरेट मार्ग का 28 लाख में होगा क्रांकीटीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में विकास कार्यों को पूर्ण किये जाने के लिए निर्माण कार्य किए जाने स्थानीय पंचशील नगर स्थित कलेक्ट्रेट के आगे शेष बचे मार्ग को क्रांकीट सड़क निर्माण हेतु 28 लाख की लागत से निर्माण के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पार्षद गण कन्हैया सेन, सतीश पटेल, लोकेश चेलक, मनोज कांत पुरैना,गौतम चौहान, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, मनीष वर्मा, रवि फेकर, वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता योगेश अग्रवाल, एस.एम.पाध्ये, दिनेश शर्मा,धीरज बाजपेई, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष रवि वर्मा,डा. अशोक उपाध्याय, नितेश शर्मा, पंडित विष्णुधर दीवान, पीयूष मिश्रा, पुनीत राम वर्मा, पूर्व एल्डरमेंन हरिश्चंद्र वर्मा, राहुल सोनी,राजेश वर्मा, नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, संतोष पटेल, भोला वर्मा, मनीष कश्यप, रितेश श्रीवास्तव, के.के.वर्मा,हेमंत टिकरिहा,रवि साहू ,नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, उप अभियंता विनोद यादव, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, गुरुदत्त तिवारी, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं वार्ड वासी व नागरीकगण उपस्थित थे ।

### मंत्री टंकराम व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन ने किया भूमि पूजन



#### विकास कार्य में सहयोग करने के लिए तैयार हूं : टंकराम

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित भाजपा जिलाध्यक्ष आनन्द यादव, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, विजय केशरवानी, सोंनचन्द स्मृति फाउंडेशन के अध्यक्ष पुष्पराज वर्मा, नपा उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद अंजनी पात्रे एवं सभापति आदित्य गुप्ता, हरजीत सिंह सलूजा, शेखर गुप्ता,जितेंद्र डड़सेना, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने भी श्रीफल तोड़कर कुदाल चला कर पूजा अर्चना की। इस दौरान मंत्री वर्मा द्वारा कहा गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में बहुत ज्यादा विकास के कार्य किये जा रहे हैं, व मैं नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव मदद के साथ विकास कार्य में सहयोग करने के लिए तैयार हूं। नगर में और भी बड़े विकास के कार्य किये जाने की बात कही गई। 28 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले स्थानीय क्रांकीट सड़क निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किये जाने पूजा अर्चना की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम मे पहुंचने मंत्री टंकराम वर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक सनम जांगड़े का सीएमओ खिरोद्र भोई व वार्ड वासियों द्वारा स्वागत किया गया।

### खबर संक्षेप

#### दामाखेड़ा में योग शिविर आज से

**हथबंध।** संचानालय आयुष छत्तीसगढ़ तत्वाधान में जिला बलौदा बाजार विभाग के द्वारा ग्राम दामाखेड़ा में प्राथमिक शाला प्रगाण में 17 से 21 जून तक नि:शुल्क रोगा अनुसार योग शिविर का आयोजन हो रहा है। समय सुबह 7 से 9 बजे तक उपस्थित हो कर योग शिविर का लाभ उठावे। उक्त जानकारी डॉक्टर अनीता चंद्रवंशी व योग प्रशिक्षक पुरुषोत्तम निषाद ने दी।

#### स्कूल सफाई कर्मचारी हड़ताल पर

**पलारी।** ब्लाक के समस्त अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक गायत्री मंदिर पलारी में हुई, जिसमें शासन द्वारा सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान की मांग एवं युक्तियुक्तकरण के सम्बन्ध में विशेष रूप से चर्चा की गई एवं संघ के प्रांतीय आह्वान के परिपालन में ब्लाक के समस्त स्कुल सफाई कर्मचारी अपनी पूर्ण कालीन कलेक्टर दर पर व युक्तियुक्तकरण हुए शालाओ में कार्यरत अंशकालीन सफाई कर्मचारी को समायोजित किए जाने को लेकर 15 जून से पलारी ब्लाक के समस्त अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी काम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। ब्लाक अध्यक्ष संतोष यादव ने सभी कर्मचारियों को हड़ताल के दौरान काम पर स्कूल ना जाने की अपील की है।

#### बाइक की टक्कर से तीन घायल

**महासमुंद।** सायकल से जा रहे तीन लोग बाइक की टक्कर से घायल हो गए। पुलिस को बसना की सविता कुंजाम ने बताया कि 13 जून की शाम 7 बजे के आसपास वह अपनी छोटी बेटी नीतू के साथ दवाई खरीदने गई थी, उसी समय उसका मंझला दामाद मुकेश नेताम अपनी पत्नी, बच्चे के साथ सायकल से बसना बाजार की ओर जा रहे था। पदमपुर रोड लक्ष्मी मोबाईल दुकान के सामने पहुंचने पर बंसुला की ओर से आ रही मोसा सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी06जीपी5215 के चालक ने अपने वाहन को तेजी उपेक्षापूर्ण व लापरवाहीपूर्वक खतरनाक चलाते हुए उसके दामाद के सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दामाद मुकेश नेताम, बेटी नैना नेताम एवं नतनीन सायरा नेताम सायकल सहित रोड पर गिर कर घायल हो गए।

#### महिला और उसकी मां से मारपीट

**महासमुंद।** महिला और उसकी मां से मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ बलौदा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को रूकनी प्रधान निवासी ग्राम खोखेपुर ने बताया कि 15 जून को उसके पति केशनाथ प्रधान खाना खाने देर से आये तो उसने कहा कि खाना खाने जल्दी क्यों नही आते हो। इतने में गुस्से में आकर उसका पति गाली गलौज और मारपीट करने लगा, इसी दौरान उसकी सास तुलसा, जेठानी शकुंतला और ससुर सूरत प्रधान भी आ गये और सबने मिलकर मारपीट की। इसके बाद उसने फोन करके अपनी मां जज्ञसिनी बेहरा को बुलाया। जब उसकी मां पिताजी के साथ ग्राम खोखेपुर आयी तो ससुर सूरत प्रधान ने प्रार्थिया की मां से मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### प्रवेशोत्सव : जिला स्तरीय स्कूल प्रवेशोत्सव नगर के ऑडिटोरियम हुआ

## बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बनाए रखना समय की आवश्यकता : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत 50 छात्राओं को वितरित की गई सायकिल

शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत शाला प्रवेश उत्सव का जिला स्तरीय समारोह राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर अभिनन्दन किया गया। साथ ही पाठ्यपुस्तक, गणवेश, बस्ता, टाई बेल्ट, कम्पास बॉक्स का वितरण भी किया गया। राजस्व मंत्री वर्मा ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह हमेशा बने रहना चाहिए। सफल होने के लिए अपनी पूरी क्षमता को सही दिशा में लगाएं। निष्ठा और लगन के साथ मेहनत करें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जिले में 10 वीं और 12वी का उत्कृष्ट परिणाम रहा, जिसमें 5 छात्रों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि भले ही माता-पिता बच्चों का पालन पोषण व जरूरतों को पूरा करते है लेकिन सही दिशा, दशा और व्यक्तित्व का निर्माण स्कूल में ही होता है। भविष्य संवारने के लिए वर्तमान में मेहनत करना जरुरी है।

जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि जीवन में सफल होने व मंजिल प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। ईमानदारी से मेहनत करें और भविष्य उज्ज्वल बनाएं। वर्तमान में सोशल मीडिया का दौर चल रहा है जिसके दुष्प्रभाव से बचना है। केवल पढ़ाई के लिए इसका उपयोग करें। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते ▶▶ शेष पेज 10 पर



#### प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र सम्मानित

कार्यक्रम में गत वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले 5 छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 12 में हिमेन्द्र कुमार यादव एवं लूभी साहू, कक्षा 10 वीं में दिव्यांश देवांगन, कंचनबाला गेंन्ड्रे एवं साक्षी अग्रवाल शामिल हैं। इसके साथ ही सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 50 छात्राओं को सायकिल वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे ।

## ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी पुलिस

नगर के बेमतरा मार्ग पर रविवार की रात ट्रैक्टर चालक ने बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना स्थल से ट्रैक्टर चालक वाहन के साथ फरार हो गया। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की खोजबीन करने में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोनू यादव पिता संतुलाल यादव 25 वर्ष निवासी ग्राम रवेली जिला बेमेतरा जो सिलतरा फैक्ट्री से कार्य कर रविवार की रात लगभग 8 बजे अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सी जी 25 एन 0899 से वापस अपने ग्राम रवेली आ रहा था। इसी दौरान सिमगा के बेमेतरा मार्ग पर स्थित शुभम के मार्ट के पास अचानक एक लाल रंग के बिना नंबर वाला ट्रैक्टर के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मार दिया। जिसे गंभीर स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर धारा 106 (1) के तहत अपराध दर्ज कर 184 एमबी एक्ट की भी कार्रवाई की गई है। वहीं पुलिस ट्रैक्टर मालिक व चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। बताया जाता है कि ट्रैक्टर सिमगा के एक नेता का है तथा बिना नंबर के इस ट्रैक्टर पर यातायात विभाग मेहरबान है इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की जाती। वहीं मामले को रफा दफा करने की तैयारी है।



## आत्मानंद में हुआ स्पोकन इंग्लिश एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट सत्र का आयोजन

**पलारी।** विगत दिनों पलारी के पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में एक दिवसीय स्पोकन इंग्लिश एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट सत्र का आयोजन किया गया, जिसका संचालन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सौगत रॉय द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, प्रभावी संप्रेषण, शुद्ध उच्चारण और व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। समारोह में बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों की प्रस्तुति की गई और उन्हें उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।सत्र के ▶▶ शेष पेज 10 पर

## पौधारोपण का मनाया प्रवेश उत्सव

**गोपालपुर।** डी.ए.वी.मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खम्हरिया में दो विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें पौधारोपण और सत्र प्रवेश उत्सव था। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने मिलकर पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा हरियाली को बढ़ावा देना था। इसके उपरांत विद्यालय में सत्र प्रवेश उत्सव बड़े ▶▶ शेष पेज 10 पर



## रिंगनी में मुरूम उत्खनन फिर से हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- एसडीएम ने कहा-जांच टीम की रिपोर्ट खनिज विभाग को भेजी गई



विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत रिंगनी में रेल्वे साइडिंग के बाजू से मुरूम उत्खनन का कार्य तेजी से चल रहा हैं। उपरोक्त संदर्भ में तीन दिन पूर्व हरिभूमि में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था, इसके बाद दो दिनों तक मुरूम खनन का कार्य बंद पड़ा था, जिसे पुनः चालू कर दिया गया है। उपरोक्त संदर्भ में सिमगा एसडीएम अंशुल वर्मा से मोबाइल पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि नायब तहसीलदार अतुल भोई के नेतृत्व में पटवारी सहित जांच दल गया था, उन्होंने अपनी रिपोर्ट बनाकर खनिज विभाग को भेज दी है। उक्त संदर्भ में पूरी कार्रवाई खनिज विभाग द्वारा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत रिंगनी में विगत कुछ दिनों से रात और दिन लगातार जेसीबी मशीनों द्वारा खुदाई की ▶▶ शेष पेज 10 पर

### अब तक 193 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तार

## आगजनी की घटना में शामिल 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल फरार चल रहे दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अब तक कुल 193 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पिछले वर्ष 10 जून को बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में कुल 14 अपराध दर्ज किए गए थे। इस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी भी लगातार जारी है। उक्त घटना के संबंध प्राप्त वीडियो फुटेज, सीसीटीवी फुटेज, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त फोटो एवं वीडियो, गवाहों से पूछताछ के आधार पर बलौदाबाजार आगजनी एवं तोड़फोड़ की घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त घटना में फरार आरोपियों के छिपने के संभावित ठिकाने पर पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है।साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी फरार आरोपियों के संबंध में लगातार पताशाजी की जा रही है।

उक्त दोनों आरोपियों को 16 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा अब तक बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल कुल 193 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



#### आरोपियों पता ठिकाना बदल रहे थे

इसी क्रम में सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम ने बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़, आगजनी घटना में शामिल 2 आरोपियों को हिरासत में लिया है। दोनों आरोपी घटना दिनांक से फरार थे तथा गिरफ्तारी के डर से लगातार अपना पता ठिकाना बदल रहे थे। पुलिस भी उक्त आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार निगाह रख रही थी। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर उक्त घटना में शामिल ग्राम बरडीह निवासी आरोपी 35 वर्षीय सुशील जांगड़े और कुथरौद निवासी 46 वर्षीय रेमन अनंत को हिरासत में लिया गया है।

## मांग अनुसार समितियों में प्राथमिकता से कराएं खाद-बीज का भण्डारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की



कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद-बीज़ की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने मांग के अनुसार सहकारी समितियों में प्राथमिकता के आधार पर खाद व बीज़ का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिन समितियों में अधिक मांग है वहां प्राथमिकता के आधार पर खाद-बीज का भण्डारण पहले कराएं और किसानों को जरूरत के अनुसार वितरण करें। उन्होंने कहा कि डीएपी व एनपीके उर्वरक के वैकल्पिक उपयोग के बारे में किसानों को जागरूक करें। इसके लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गांव एवं समितियों में किसानों की बैठक लेकर जानकारी दें। उन्होंने जिले के लिए करीब 300 मेट्रिक टन डीएपी उर्वरक की रेक लगने की जानकारी पर ज्यादा मांग वाले समितियों में भण्डारण कराने तथा सभी समितियों ▶▶ शेष पेज 10 पर

### 75 नग यातायात मितान टी-शर्ट एवं रेडियम जैकेट प्रदान किया गया

# जिला पुलिस के यातायात मितान सम्मेलन में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला पुलिस ने यातायात मितान सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में 55 की संख्या में यातायात मितान शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन वेलफेयर के पदाधिकारियों के मुख्य अतिथ्य में सम्मेलन आयोजित किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा यातायात सुरक्षा के लिए 100 हेलमेट यातायात पुलिस को प्रदान करने घोषणा की गई।जिला मुख्यालय के पुलिस कम्युनिटी हाल में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, आकांक्षा जायसवाल जिला पंचायत अध्यक्ष, अशोक जैन नगर पालिका अध्यक्ष, अंजय शुक्ला एसोसिएशन अध्यक्ष, मलकीत सिंह कोषाध्यक्ष, गणेश जायसवाल संगठन मंत्री, संरक्षक सुधीर अग्रवाल एवं लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक की उपस्थिति में यातायात मितानों का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में कुल 55 की संख्या में यातायात मितान शामिल हुए। सड़क दुर्घटनाओं में हर संभव सहायता करने वाले एवं घायलों के उपचार एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने अपनी अमूल्य सहभागिता देने वाले लोगों को पुलिस द्वारा यातायात मितान बनाया गया है। इस दौरान मुख्य हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात भाटापारा, निरीक्षक प्रवीण मिंज प्रभारी यातायात सिमगा, निरीक्षक उनेश देशमुख प्रभारी यातायात कसडोल, एवं उपनिरीक्षक प्रियेश जॉन प्रभारी यातायात बलौदाबाजार सहित यातायात पुलिस बल उपस्थित थे।

# गौरीशंकर के जन्म दिन पर मरीजों को बांटे गए फल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के जन्मदिन पर शहीद संतराम साहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में मरीजों को फल वितरण किया। साथ ही पूरे सीएचसी परिसर का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के कई कमरों में गंदगी के साथ शौचालय के दरवाजे टूटे मिले इसके आलवा शौचालय में भी गंदगी मिली। इस पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने सभी को ठीक करने के साथ साफ सफाई कराने मौजूद डॉक्टर को कहा। इस दौरान नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू, पार्षद भानु प्रताप साहू, पार्षद पुनेश्वर मिश्रा, पार्षद रामा धीवर, पार्षद संतोष भारती, पार्षद मंजू बंजारे, पार्षद शकुंतला पटेल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शीला वर्मा, पूर्व एल्डरमेन गोटीलाल साहू, राजेन्द्र श्रीवास, तुमनाथ साहू, हेमलाल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेज 09 के शेष

### बच्चों में शिक्षा के ....

हुए बताया कि 16 जून से जिले के सभी स्कूल खुल गये है और जिले में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। जिले के 1806 स्कूलों में लगभग 24755 विद्यार्थी अध्ययन करेंगे। आरटीई के तहत 2134 सीट के विरुद्ध 1687 बच्चों का निःशुल्क प्रवेश हुआ है। पिछले वर्ष 10 वीं एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम अभूतपूर्व रहा। युक्तियुक्तकरण से 7 शिक्षकविहीन एवं 82 एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों का पदांकन किया गया है। इस दौरान सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत 50 छात्राओं को सायकिल का वितरण किया गया।

### आत्मानंद में हुआ...

पश्चात पीएमश्री सेजस समर कैंप एवं वोकेशनल इंटर्नशिप का प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष अमित वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा, विधायक प्रतिनिधि ऋषि साहू, शिक्षक रीमा सेन, सविता यादव वोकेशनल ट्रेनर आईटी, जितेंद्र कन्नौजिया वोकेशनल ट्रेनर हेल्थ केयर, माधव द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### पौधारोपण का मनाया ...

ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नये सत्र में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी झलक रही थी।प्राचार्य ने भाषण में कहा – पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और शिक्षा हमारा भविष्य है। इन दोनों का सम्मान और संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने सभी से अपील की कि हर विद्यार्थी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा पर्यावरण की रक्षा व नियमित उपस्थिति का संकल्प लेकर किया गया।

### रिंगनी में मुरूम ...

जा रही है तथा एक दर्जन से अधिक हाइवा वाहनों से निर्माणाधीन कारखानों में मुरूम सप्लाई की जा रही है। ग्राम पंचायत रिंगनी से किसी तरह की अनुमति नहीं ली गई है तथा अनुविभागीय प्रशासन को भी किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई है फिर भी बेखौफ होकर मुरूम का खनन कर सप्लाई कारखानों को जारी है।

### मांग अनुसार समितियों ...

में अलग-अलग उर्वरक भण्डारण हेतु लक्ष्य निर्धारण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बीज भण्डारण व वितरण की समीक्षा करते हुए स्वर्णा व महामाया धान की पर्याप्त भण्डारण कराने के निर्देश दिये। जिले में खरीफ सीजन 2025 के लिए सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 58136 मेट्रिक टन है। जिसके विरूद्ध अब तक 32724 मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण किया गया है। अब तक सहकारी समितियों द्वारा 22690 मेट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया गया है। इसी तरह कुल बीज मांग 37760 क्विंटल के विरुद्ध कुल भण्डारण 27540 क्विंटल एवं 23900 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है। जिले में खाद एवं बीज का भण्डारण एवं उठाव की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**न्यायालय तहसीलदार पलारी**
**जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**
**// ज्ञापन //**

क्रमांक/ / वा./ तह. / 2025
पलारी दिनांक 13/06/2025

**प्रति,**
हल्का पटवारी नं.- 32, ग्राम सलौनी,
तहसील पलारी

विषयः- मौका जांच रिपोर्ट मय प्रस्तुत किये जाने बाबत।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक ललित कुमार पिता साधुराम जाति सतनामी साकिन सलौनी प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. व पलारी जिला बलौदबजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम सलौनी प.ह.नं. 32 ख.नं. 1687 का रकबा 0.210 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख मे चुन्नुलाल पिता भकला जाति सतनामी के नाम पर एकल खाते मे दर्ज चला आ रहा था। उक्त भूमि को आवेदक ललित कुमार पिता साधुराम जाति सतनामी के द्वारा दिनांक 11.09.2023 को उप-पंजीयक कार्यालय पलारी के सम्पूर्ण प्रतिफल राशि देकर क्रय कर पंजीकृत बैनामा निष्पादित किया गया है। किन्तु उक्त वादभूमि का ख.नं. 1687 का रकबा 0.210 हेक्टेयर भूमि के स्थान पर रकबा 0.334 हेक्टेयर दर्ज हो गया है। अतः उक्त वादभूमि मे त्रुटिसूधार किये जाने हेतु आवेदक के द्वारा पंजीकृत बैनामा कि छायाप्रति सहित आवेदन पेश किया गया है। जो इस न्यायालय मे विचारधिन है।

अतएव आप उक्त संबंध मे इस न्यायालय मे दिनांक 27/06/2025 के पूर्व जांच रिपोर्ट इस न्यायालय मे अनिवार्यतः प्रस्तुत करे।

**तहसीलदार**
**पलारी**

# विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर वृद्धाश्रम में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




**भरण पोषण के आदेश का उल्लंघनकरने पर सजा का सजा का प्रावधान**

वरिष्ठ नागरिक अंतरिम एवं अंतिम भरण पोषण के लिये आवेदन राज्य द्वारा अधिकृत अनुभागी अधिकारी को कर सकते हैं। यदि भरण पोषण के आदेश का बालक या नातेदार द्वारा उल्लंघन किया जाता है तो अधिनियम में सजा का प्रावधान भी किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के अंतर्गत प्राधिकरण में कार्यरत पैरालीगल वालंटियर सुकदेव सेन द्वारा ग्राम केसला, लाखन बंजारे द्वारा बलौदाबाजार, अजय कुमार द्वारा टिकुलिया, अश्वनी कुमार साहू द्वारा ग्राम थरहा, केशव प्रसाद साहू द्वारा स्व. सहायता समूह अमलीडीह, नागेश यदु द्वारा ग्राम कचलोल, चंद्रशेखर श्रीवास द्वारा राजादेवरी, मोनिका दिक्षित के द्वारा खिलौरा में विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन कर वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकरों के बारे में जानकारी दी गई।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा वाटिका वृद्धाश्रम में विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर विशेष आयोजन किया गया।

सचिव द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के विषय में बताया गया, इसके अंतर्गत कोई वरिष्ठ नागरिक जो स्वयं के अर्जन से या उसके स्वामित्व के अधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण पोषण करने में असमर्थ होने की दशा में यदि वह माता पिता या पितामही है, तो अपने एक या अधिक बालको के विरूद्ध यदि अवयस्क नहीं है एवं किसी निःसंतान वरिष्ठ नागरिक की दशा में अपने नातेदार के विरूद्ध भरण पोषण का आवेदन करने के लिये हकदार है, जिससे वे एक सामान्य जीवन व्यतीत कर सके। वरिष्ठ नागरिक का वयस्क बालक या नातेदार जिसके पास पर्याप्त साधन है, ऐसे वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण करेगा, परंतु ऐसे वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति उसके कब्जे में है या वह ऐसे वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति को प्राप्त करने के हकदार है। जहां किसी वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति को एक से अधिक नातेदार प्राप्त करने के हकदार है, वहां भरण पोषण ऐसे अनुपात में किया जायेगा, जितनी संपत्ति उन्हें विरासत में प्राप्त हुई है। यदि कोई असक्त व्यक्ति है तो किसी संगठन द्वारा भी उनका भरण पोषण किया जा सकता है, जो सोसायटी रजिस्ट्री के अधिनियम 1860 या उस समय प्रवृत किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्री के स्वैक्षिक संगम है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर विशेष शिविर का अलग-अलग जगहों पर आयोजन किया गया, जिससे अधिक से अधिक संख्या में वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हुए।

# प्रदेश कर्मचारी संघ का आंदोलन कल

**अर्जुनी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ 18 जून को 13 मांगों को लेकर भोजनावकाश में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपेगा। संघ के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक 18 मई को प्रदेश कार्यालय रायपुर हुई थी, जिसमें मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को भेजकर सूचित किया गया है कि 18 जून के पूर्व महंगाई भत्ता सहित 13 सूत्रीय मांगों पर निर्णय नहीं लिए जाने की स्थिति में संघ प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में 18 जून को भोजनावकाश में प्रदर्शन करेगा। मनोज दुबे ने बताया गया कि केंद्र एवं मध्यप्रदेश के कर्मचारियों तथा पेंशनरों को वर्तमान में 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदाय किया जा रहा है। केंद्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदी करण दिया जा रहा है।



शिक्षक लिपिक सहित विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन सार्वजनिक किया जाए। साथ ही प्रदेश के सभी अधिकारी कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान आदेश जारी करने उत्तर प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था सभी संवर्गों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश जारी करने संविदा दैनिक अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाए ।



## राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष अभियान

# बाल श्रम के खिलाफ चला सघन अभियान 3 बच्चे चिन्हांकित कर किया गया पुनर्वासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा निर्देश में गठित जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जिले में बाल सह किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुनर्वास हेतु सघन अभियान का संचालन 10 जून से प्रारंभ किया गया है। इस दौरान जनसमुदाय को बालश्रम एवं नशे का बालकों पर पड़ रहे दूरगामी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेन्द्र जाटवर के मार्गदर्शन में 10 जून से 13 जून तक संयुक्त टीम के द्वारा पलारी, सिमगा, बलौदाबाजार एवं भाटापारा विकासखण्ड में भ्रमण कर जनसमुदाय को बालश्रम एवं नशे का बालकों पर पड़ रहे दूरगामी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम ने 3 बच्चों का चिन्हांकन किया जिन्हे समझाईश देकर परिवार के सुपुर्द किया गया साथ ही समुदाय को जागरूक किया गया एवं चिन्हित बच्चों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई।जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास ने बताया कि किसी संकटमय परिस्थितियों के कारण काम मांगने आने वाले बालक को कम पारिश्रमिक में नियोजित करना परिवार की मदद करना नहीं है वह बालकों का शोषण ही है। भिक्षावृत्ति कर रहे बालको, अपशिष्ट संग्रहण करने वाले बालकों एवं कार्य मांगने आने वाले बच्चों की सच्ची सहायता चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 में उनकी जानकारी देकर की जा सकती है। संयुक्त टीम द्वारा चारों विकासखण्डों में बाल श्रमिक नियोजित नही करने संबंधित पोस्टरों का अवलोकन भी विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशनो में किया गया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे ऐसे सामाजिक अपराधों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

## रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब 194 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं न्यूवोको सीमेंट संयन्त्र ग्राम सोनाडीह के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में प्लांट के कर्मचारियों तथा क्षेत्र के आमजन ने रक्तदान किया जिसमें कुल 194 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार रक्तदान शिविर हेतु रक्तदान करने वाले दाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे लोग रक्तदान हेतु आगे आए।सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा के अनुसार रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा है क्योंकि इसके माध्यम से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है। 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है। रक्तदान से प्राप्त रक्त से प्रसव, दुर्घटना, सर्जरी के साथ-साथ एनीमिया, सिकल सेल, थैलेसीमिया और हीमोफीलिया के मरीजों को भी मदद मिलती है जिन्हें समय-समय पर रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है।

## थाना प्रभारी से मीडिया ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े सदस्यों ने रविवार को शहर थाना प्रभारी शशांक सिंह ठाकुर से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान भाटापारा शहर की वर्तमान समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि आने वाली समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर संघ के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण पटेल मौजूद थे। भेंट में गुरमीत गुम्बर, राजकुमार मल, जुगल किशोर तिवारी, शत्रुघ्न प्रसाद साहू, राज गुप्ता, सौरभ बरवाड़, गुड्डा मानिकपुरी, संजय प्रसाद, मुकेश शर्मा, हारून राजा, वीरेंद्र उपाध्याय, मोहम्मद शमीम खान, संतोष कुकरेजा, माखन साहू सहित संगठन के अन्य सदस्य शामिल थे।






## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर 17 से

**हिरमी-रावन।** स्वास्थ्य विभाग की पहल पर विकासखंड के ग्राम मोहरा में 17 से 21 जून तक निःशुल्क पांच दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर छत्तीसगढ़ शासन के संचालनालय आयुष रायपुर के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आम जनमानस को नियमित योग एवं प्राणायाम के जरिए स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने हेतु आमंत्रित किया गया है। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण, ग्राम मोहरा में आयोजित होगा। शिविर में प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न आसनों का योगाभ्यास कराया जाएगा, जिसमें योग प्राचीन भारतीय वेदों एवं पतंजलि रचित ग्रंथ 'योगसूत्र' के आधार पर आधारित होगा। योगाभ्यास से शरीर एवं मन को स्वस्थ, स्थिर व तनावमुक्त बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### आगजनी के असली गुनहगारों पर हो कार्रवाई

**मुड़पार सरसीवां।** बसपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने पिछले वर्ष 10 जून को हुई घटना में निर्दोष सतनामी समाज के लोगों को जेल भेजे जाने को गलत बताया है और इसकी जांच कर निर्दोष लोगों के कानूनी प्रकरण पूरी तरह से समाप्त कर असली मुजरिम को गिरफ्तार करने की मांग की है। टंडन ने कहा कि जिला बलौदाबाजार-भाठापारा में अपने आत्मसम्मान के प्रतीक जैतखाम के टूटे जाने पर सीबीआई जांच की मांग को लेकर आन्दोलन किए थे, जिसमें असामाजिक तत्वों द्वारा भीड़ का फायदा उठाकर आन्दोलन की रूप रेखा को बदल दिया, जिसमें निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी की गई। सिर्फ सतनामी होने के वजह से द्वेष की भावना से निर्दोष को जेल भेजे गए जो कतई भी सही नहीं है। इन्होंने उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर निर्दोष लोगों के सारे मामले खत्म कर असली गुनाहगारों पर कार्रवाई की मांग की है।



### पतेरापाली में फैली दस्त, 80 लोगों की हुई जांच

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पतेरापाली में उल्टी-दस्त फैलने की खबर है। यहां अधिकतर ग्रामीणों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं स्वास्थ्य अमले द्वारा कैंप लगाकर जांच शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य टीम ने बीते दो दिनों से गांव में कैंप कर कुल 80 लोगों का जांच की, जिसमें 6 लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत मिली, शेष सभी को दस्त की शिकायत थी।

### जमीन बंटवारे की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन बंटवारे की बात को लेकर तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। बसना पुलिस को प्रार्थी चरण सिदार निवासी पंडरीपानी कटेल ने बताया कि 15 जून को शाम करीबन 4 बजे उसका भाई आनंद सिदार, शरण सिदार एवं मेरी बहन चरणमोती सिदार घर आये और जमीन बंटवारे की बात को लेकर तीनों एक राय होकर गाली गलौज करने लगे और मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## शाला प्रवेश उत्सव : कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर प्रवेश दिलाया

# हाईस्कूल में प्रवेश उत्सव पर बांटी गई साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

शासकीय हाई स्कूल कुम्हारी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच दुसाशन प्रधान, विशिष्ट अतिथि एसएम डीसी अध्यक्ष एवं अध्यक्षता प्राचार्य आरजी जोशी थे। कार्यक्रम सरपंच ने पढ़ाई लिखाई को पूरी तन्मयता से करने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षकों को समय पालन करने का आग्रह किया। संकुल समन्वयक देवांगन ने ग्राम प्रमुखों को नियमित शाला भ्रमण के लिए आग्रह किया। प्राचार्य जोशी ने स्कूल की बेहतर अधोसंरचना और सुरक्षित वातावरण हेतु आवश्यक निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर प्रवेश दिलाया गया। इसके अलावा निः शुल्क पाठ्य-पुस्तक, शुल्क गणवेश तथा पात्र हाईस्कूल छात्रों को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता एसपी देवांगन एवं आभार प्रदर्शन आरजी जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता एचएल साहू, प्रधान पाठक कोमा सहित समस्त, शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं व्याख्याता तथा स. कर्मचारी, विद्यालयीन कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





### हायर सेकंडरी में मना प्रवेशा उत्सव, 9वी-11वी कक्षा के लिए फीस का हुआ निर्धारण

**गोपालपुर।** शासकीय उच्च तर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर अतिथियों ने पुस्तक वितरण किया। उक्त कार्यक्रम के पूर्व शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव में कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया। विद्यालय रख रखाव के सबंध में चर्चा की गई, साथ-साथ पंखा, बोर की मरम्मत के संबंध में सुधार के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड परीक्षा के परिणाम को समिति को बताया गया। अंत में शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार लाने एवं आगामी सत्र में अच्छा परिणाम लाने की बात कही गई। एसएल पटेल प्राचार्य ने समिति को विश्वास दिलाते हुए कहा आगामी सत्र मे अच्छा परिणाम आयेगा।




कार्यक्रम में उपस्थित डाक्टर टेकलाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, सवध यादव अध्यक्ष प्रबंधन समिति, अंत राम साहू सरपंच, नारायण प्रसाद साहू सरपंच प्रतिनिधि, प्रबंधन समिति के सदस्यगण गंगा राम यादव, डीआर टण्डन, दुबे प्रसाद यादव, एसएल पटेल प्राचार्य, शिक्षकगण मनोज किशोर, ए लकड़ा, दानीराम साहू, खगेश यादव एवं रजनी बंजारे सहित स्टाप मौजूद रहे।

### प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसा गया न्योता भोज




मुंडा। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सुलोचना यादव जनपद पंचायत अध्यक्ष बलौदा बाजार एवं भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री प्रशांत यादव एवं सरपंच लुकेश्वर वर्मा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा शाला में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं एवं बच्चों को नये शिक्षा सत्र में मन लगाकर पढ़ाई करने एवं नियमित वेशभूषा के साथ शाला आने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही शाला के नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, गणवेश वितरण किया गया। साथ ही गत वर्ष कक्षा 1ली से 8वी तक प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पानी बॉटल, पेन, कॉपी, पहाड़ा आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपण किया गया। गांव के उपसरपंच यशवंत वर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी के समस्त बच्चों के लिए न्योताभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी, केला, मिठाई आदि का वितरण किया गया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा, उप सरपंच यशवंत वर्मा, पंच संतोष वर्मा, गायत्री वर्मा, क्रांति वर्मा, अनिता वर्मा, पूर्व सरपंच हलधर वर्मा, पालकों में विजय वर्मा, प्रमोद वर्मा, भास्कर वर्मा, योगेश वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, ढुखित राम वर्मा, सुनील वर्मा, शिक्षकों में लोमश कोसरे, विनोद पटेल, अरुण रात्रे, नरेंद्र साहू, सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, दीपमाला तिवारी, मनोज वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा एवं शाला के समस्त बच्चें व रसोइया उपस्थित थे।

### स्कूलों के पट खुले, विद्यार्थियों के चेहरे खिले

**खरोरा।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में पुनः रौनक लौट आई। विद्यालय खुलते ही परिसर बच्चों की चहचहाहट और उत्साह से भर उठा। विद्यार्थियों के चेहरों पर अपनी नई कक्षा में जाने की खुशी साफ झलक रही थी। कुछ बच्चों में उत्सुकता तो कुछ में अपने पुराने मित्रों से मिलने का उल्लास देखने को मिला। विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी तथा अनुशासन, नियमित उपस्थिति और अध्ययनशीलता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे और मैडम भारती तांती ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कक्षा अनुसार बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हें पाठ्यक्रम से परिचित कराया। विद्यालय में बच्चों के बैठने, पढ़ने एवं अन्य व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी कर ली गई थी, जिससे पहले दिन से ही शिक्षण कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो सका। विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों में भी विद्यालय पुनः आरंभ होने की खुशी दिखाई दी। विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी गईं।



## प्रवेशोत्सव पर बच्चों को खिलायी खीर और बांटे गणवेश

**अर्जुनी।** शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी में 16 जून को नये शिक्षा सत्र के पहले दिन बच्चों का तिलक व खीर खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्रों को निशुल्क गणवेश, पुस्तकों का वितरण किया गया। स्कूल का पहला दिन बच्चों के लिए उत्साह पूर्ण रहा। वहीं शाला प्रवेश उत्सव में पहुंचे अतिथियों का शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वागत सम्मान किया।

कक्षा पहली में नव प्रवेशी छात्र सौरभ ध्रुव को जनपद प्रतिनिधि व पंचायत प्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम तिलक लगाकर खीर खिलाया एवं स्वागत सम्मान किया और निशुल्क गणवेश, पुस्तक, बैग वितरित किया। जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव ने नये सत्र से बच्चों को लगन से अध्ययन करने प्रोत्साहित किया। सरपंच कविता ध्रुव ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई लिखाई में निरंतर ध्यान देने की बात कही। उपसरपंच विष्णु साहू ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई में अनुशासन संस्कार बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाए ताकि बच्चों का भविष्य उज्वल बने। इसी के साथ शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शंकर लाल रजक व पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार विद्यालय के बच्चों की शिक्षा को लेकर रखे। इस अवसर में जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष शंकर लाल रजक, सरपंच कविता ध्रुव, उप सरपंच विष्णु साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, भगेला ध्रुव, प्रेमचंद साहू, सचिन सोनी, कन्हैया कटारे, ऋषि ध्रुव, संजय रजक, प्रधानपाठक भूपेंद्र शर्मा, अन्नपूर्णा ध्रुव, कुंती साहू, अभय लाल ध्रुव, श्यामा साहू, निर्मला कुर्रे, महेश्वरी वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



### बिनौरी स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव



**पलारी।** नगर से सटे ग्राम बिनौरी में 16 जून को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिनौरी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्य ग्राम की सरपंच किरण सनकुमार साहू उपस्थित थीं। उनके द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया तथा इस मौके पर बच्चों को गणवेश वितरण कर नियमित शाला आने व मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रवेशोत्सव में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



**हथबंध ।** जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव अपने निज ग्राम हथबंद में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। साथ में शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष धन्ना निषाद अध्यक्ष विद्या वर्मा जीतू यादव विजय निषाद और शिक्षक शामिल हुए ।

## शाला प्रवेश उत्सव पर बच्चों में दिखा उत्साह

**हिरमी-रावन ।** मोहरा, नेवारी, मुसवाडीह, भालेसुर, बरडीहा, हिरमी, कूथरौद सहित अंचल के विभिन्न शासकीय एवं निजी स्कूलों में 16 जून को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में नन्हें बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कई स्कूलों में रंगोली सजाई गई और बच्चों को गुलाल का टीका लगाकर पाठ्य सामग्री, यूनिफॉर्म, बैग, पेन, कॉपी आदि का वितरण किया गया। ग्राम मोहरा के स्कूल में सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। भालेसुर में सरपंच नवीन वर्मा ने नवनियुक्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं एवं उन्हें अध्ययन हेतु आवश्यक सामग्री भेंट की। वहीं मुसवाडीह के स्कूल में अंजलि पवन सारथी द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्यार और आशीर्वाद स्वरूप शिक्षण सामग्री दी गई। इस अवसर पर शिक्षकों, पालकों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। स्कूलों में बच्चों के स्वागत के साथ-साथ प्रेरणादायी संदेश भी दिए गए। उपस्थित पालकों ने भी इस आयोजन की सराहना की और कहा कि इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। समग्र रूप से पूरे अंचल में शाला प्रवेश उत्सव बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लेकर आया और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार किया। वहीं नेवारी हायर सेंकडरी में भी प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश साहू, मिडिल स्कूल अध्यक्ष श्यामा साहू, प्राथमिक विद्यालय स्कूल अध्यक्ष उमा साहू, हाईयर सेकंडरी स्कूल नेवारी प्राचार्य एनके वर्मा, वाय पी साहू, मिडिल स्कूल से संस्था प्रमुख निर्मला वर्मा, श्रीवास्तव, शा. प्रा.



### प्रवेशोत्सव पर बच्चों को खिलाई गई खीर-पूरी

**पलारी।** नगर के पी एम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट दाऊ विष्णु दत्त वर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत नैनीहाल को पारंपरिक तिलक लगाकर स्वागत से हुई। इससे विद्यालय परिसर में उल्लास और गरिमा का संचार हुआ। इस मौके पर बच्चों को विशेष रूप से खीर-पूरी परोसी गई, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में विद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा, सदस्य राहुल पांडेय, मंगलू राम गेन्द्रे ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई और अच्छे संस्कार के लिए शुभकामनाएं दीं और विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय विक्की प्रधान, प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय रश्मि साहू, तथा शिक्षकगण दिलहरणर, अलिया, निधि, जया, श्रेया एवं रीमा ने बच्चों को शिक्षा के प्रति उत्साहित किया।

## बच्चों को खिलायी मिठाई और लगाए टीका

**पवनी।** सेजेस पवनी में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिक्षा को समर्पित इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनके अभिभावकों को विद्यालय से जोड़ना रहा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नंदकुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण, पालकगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे। प्रवेशोत्सव के अंतर्गत कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले नन्हें बच्चों का विद्यालय में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्हें तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर तथा मिठाइयां बांटकर प्रवेश की शुभकामनाएँ दी गईं। छोटे बच्चों की मासूम मुस्कान और उनके माता-पिता की आंखों में चमक इस आयोजन की सफलता को स्वयं बयां कर रही थी। नंदकुमार साहू ने अपने हाथों से कुछ बच्चों को किताबें, बैग, पेंसिल और स्लेट वितरित की। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, "शिक्षा ही समाज का भविष्य है और हमें मिलकर अपने बच्चों को मजबूत



शैक्षिक आधार देना है। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला भी है।" जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष साहू ने विद्यालय के विकास में समाज की भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि सरकारी योजनाएं तभी सफल होती हैं जब स्थानीय समुदाय उनका संपूर्ण सहयोग करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु जनभागीदारी समिति सदैव तत्पर रहेगी। इस अवसर पर प्रचार्य ने बीते वर्ष के शैक्षिक एवं सहशैक्षिक उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके अतिरिक्त विज्ञान प्रदर्शनी, चित्रकला प्रतियोगिता एवं खेलकूद में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यालय में स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, पुस्तकालय और कंप्यूटर कक्ष की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में पौधारोपण की योजना बनाई गई है, जिसमें छात्रों, पालकों और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक एम एल साहू ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया।

## समाज सेवा के विभिन्न आयामों पर गंभीर मंथन हुआ

# फाउंडेशन को मिला जमीनी स्तर पर काम करने वाला सर्वश्रेष्ठ एनजीओ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंध

मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर के समाज कार्य विभाग द्वारा शनिवार को आयोजित जमीनी स्तर पर काम करने वाला सर्वश्रेष्ठ एनजीओ' मीट Meet 2025 में समाज सेवा के विभिन्न आयामों पर गंभीर मंथन हुआ। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य एनजीओएस, सीएसआर संस्थानों, शासकीय विभागों एवं विश्वविद्यालयों के बीच संवाद, सहयोग और सामंजस्य स्थापित करना रहा।

इस आयोजन में देशभर से 102 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और फंडिंग प्रदाता संगठनों ने सहभागिता की। कार्यशाला में विकसित भारत 2047, एनजीओ फंडिंग की चुनौतियां एवं संभावनाएं तथा विभिन्न संस्थाओं की 'बेस्ट प्रैक्टिसेज' प्रस्तुत की गईं।




मुख्य अतिथि पद्मश्री फुलबासन बाई यादव एवं विशेष अतिथि वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष–छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की उपस्थिति ने आयोजन को ऊर्जावान और सार्थक बनाया।

इस अवसर पर वृद्धजन परिवार फाउंडेशन को जमीनी स्तर पर काम करने वाला सर्वश्रेष्ठ एनजीओ सम्मान से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उत्तम कुमार हरेंद्रनाथ ने प्राप्त किया।

आयोजन समिति की ओर से डॉ. दीना नाथ यादव ने वृद्धजन परिवार फाउंडेशन द्वारा जमीनी स्तर पर वृद्धजनों की सेवा, जागरूकता, सम्मान और संरक्षण के लिए किए जा रहे समर्पित प्रयासों की विशेष सराहना की। यह सम्मान संस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता और वंचित वर्ग विशेषतः वृद्धजनों के जीवन को गरिमामय बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की मान्यता है।

पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात डॉ. उत्तम कुमार हरेंद्रनाथ ने कहा - इस प्रकार का सम्मान हमें सेवा के प्रति और अधिक समर्पण एवं ऊर्जा से भर देता है।

हमारा लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां हर वृद्धजन को सुख, शांति और सम्मान प्राप्त हो। हम सब मिलकर प्रयास करें कि हर घर में वृद्धजनों का सम्मान हो, क्योंकि जहां समझ है वहीं सम्मान है। इसी भावना के साथ हमें और आगे बढ़ना है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर डॉ. उत्तम कुमार के साथ हेमकुमार गायकवाड़, आयुष्मान देवांगन एवं तरुण कुर्रे भी उपस्थित थे, जिनका योगदान संस्था की गतिविधियों में महत्वपूर्ण रहा है।

